# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 10th



aglasem.com

Class : 10th
Subject : हिंदी
Chapter : 10
Chapter Name : नेताजी का चश्मा

Q1 सेनानी न होते हुए भी चश्मेवाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे?
Answer.
सेनानी ना होते हुए भी चश्मे वाले को लोग कैप्टन इसलिए कहते थे क्योंकि देश प्रेम की भावना उसके अंदर भरपूर थी। वे स्वतंत्रता सेनानियों का बहुत सम्मान करता था देश के प्रति त्याग की भावना उसके मन में किसी फौजी से कम न थी।

Page :- 64 , Block Name :- प्रश्न-अभ्यास

Q2 हालदार साहब ने ड्राइवर को पहले चौराहे पर गाड़ी रोकने के लिए मना किया था लेकिन बाद में तुरंत रोकने को कहा -
(क) हालदार साहब पहले मायूस क्यों हो गए थे?
(ख) मूर्ति पर सरकंडे का चश्मा क्या उम्मीद जगाता है?
(ग) हालदार साहब इतनी-सी बात पर भावुक क्यों हो उठे?
Answer.
(क)हालदार साहब पहले मायूस इसलिए हो गए थे क्योंकि कस्बे के चौराहे पर बोस की प्रतिमा तो होगी पर उनकी आंखों पर चश्मा लगा नहीं मिलेगा क्योंकि चश्मा लगाने वाला कैप्टन तो मर चुका है और अब वह देश प्रेम की भावना किसी में नहीं है।
(ख) मूर्ति पर सरकंडे का चश्मा यह दर्शाता है कि अभी लोगों में देश प्रेम की भावना जागृत है। बच्चों के अंदर देश प्रेम का जज्बा मौजूद है।
(ग) जब हालदार साहब ने नेताजी की मूर्ति पर सरकंडे का चश्मा देखा तो उनकी निराशा आशा में बदल गई उन्हें विश्वास हो गया कि देशभक्ति की भावना अभी भी जीवित है।
Page :- 64 , Block Name :- प्रश्न अभ्यास

Q3 आशय स्पष्ट कीजिए -
"बार-बार सोचते, क्या होगा उस कौम का जो अपने देश की खातिर घर-गृहस्थी-जवानी-ज़िंदगी सब कुछ होम देनेवालों पर भी हँसती है और अपने लिए बिकने के मौके ढूँढ़ती है।"
Answer.
हालदार साहब सोचते हैं कि इस कौम का भविष्य कैसा होगा जो अपने देश के लिए घर गृहस्ती जीवन जिंदगी सब कुछ त्याग देते है और उनका मजाक उड़ाया जाता है। ऐसे लोग बहुत स्वार्थी होते हैं।

Page :- 64 , Block Name :- प्रश्न अभ्यास

Q4 पानवाले का एक रेखाचित्र प्रस्तुत कीजिए।
Answer.

पानवाला स्वभाव से खुशमिजाज काला मोटा व्यक्ति है। उसकी तोंद निकली हुई है। वह हमेशा पान चबाता रहता है जिस वजह से उसके दांत लाल काले हो गए हैं। वह बहुत बातुनी है।

Page :- 64 , Block Name :- प्रश्न अभ्यास

Q5 "वो लँगड़ा क्या जाएगा फ़ौज में। पागल है पागल!"
कैप्टन के प्रति पानवाले की इस टिप्पणी पर अपनीप्रतिक्रिया लिखिए।
Answer.
यह टिप्पणी पानवाले ने हालदार साहब को कैप्टन के पूछे जाने पर दी थी जो बिल्कुल गलत थी। कैप्टन शारीरिक रूप से अपंग था परंतु उसके मन में देश प्रेम की भावना भरपूर थी, वह किसी फौजी से कम नहीं थी और कैप्टन के इसी देश प्रेम की भावना को देखकर पानवाला उसे पागल कहता है जो गलत है।

Page :- 64 , Block Name :- प्रश्न अभ्यास

Q6 निम्नलिखित वाक्य पात्रों की कौन-सी विशेषता की ओरसंकेत करते हैं -
(क) हालदार साहब हमेशा चौराहे पर रुकते और नेताजीको निहारते।
(ख) पानवाला उदास हो गया। उसने पीछे मुड़कर मुँह कापान नीचे थूका और सिर झुकाकर अपनी धोती के सिरे सेआँखें पोंछता हुआ बोला - साहब! कैप्टन मर गया।
(ग) कैप्टन बार-बार मूर्ति पर चश्मा लगा देता था।
Answer.
(क) हलदर साहब पान खाने के शौकीन थे। उनके मन में देशभक्तों के प्रति बहुत सम्मान था। उनके मन में देशभक्ति की भावना प्रबल थी।
(ख) कैप्टन की मृत्यु की बात पर पानवाला उदास हो जाता है और उसकी आंखों से आंसू छलक जाते हैं। कहीं ना कहीं उसके मन में भी देशभक्ति की भावना थी और वह काफी संवेदनशील भी था।
(ग) कैप्टन के द्वारा बार-बार नेता जी की मूर्ति पर चश्मा लगाना यह दर्शाता है कि उसके मन में देश के लिए कुर्बान होने वाले लोगों के प्रति आदर सम्मान था।

aglasem.com

Page :- 65 , Block Name :- रचना और अभिव्यक्ति

Q7 जब तक हालदार साहब ने कैप्टन को साक्षात् देखा नहीं था तब तक उनके मानस पटल पर उसका कौन-सा चित्र रहाहोगा, अपनी कल्पना से लिखिए।
Answer.
जब तक हालदार साहब ने कैप्टन को साक्षात नहीं देखा था तब तक उनके मन में कैप्टन का एक लंबे कद वाला मजबूत शरीर वाले फौजी का चित्र रहा होगा। घनी मुछों तथा रॉक वाला चेहरा और उसके फौज में रहने के कारण लोग उसे कैप्टन कहते होंगे।

Page :- 65 , Block Name :- रचना और अभिव्यक्ति

Q8 कस्बों, शहरों, महानगरों के चौराहों पर किसी न किसी क्षेत्र के प्रसिद्ध व्यक्ति की मूर्ति लगाने का प्रचलन-सा हो गया है -
(क) इस तरह की मूर्ति लगाने के क्या उद्देश्य हो सकते हैं?
(ख) आप अपने इलाके के चौराहे पर किस व्यक्ति की मूर्ति स्थापित करवाना चाहेंगे और क्यों?
(ग) उस मूर्ति के प्रति आपके एवं दूसरे लोगों के क्या उत्तरदायित्व होने चाहिए?
Answer.
(क)इस तरह की मूर्ति लगाने का उद्देश्य हो सकता है उस महान व्यक्ति की याद बनी रहे। लोगों को याद रहे कि उस महापुरुष ने देश के हित के लिए क्या-क्या महान कार्य किए।
(ख)महात्मा गांधी क्योंकि उन्होंने अहिंसा, सत्य, सदाचार को बढ़ावा दिया तथा सबको समान नजर से देखा।
(ग)उस मूर्ति के प्रति लोगों का यह दायित्व होना चाहिए कि मूर्ति की गरिमा को ध्यान में रखे, उसका अपमान ना करें, इस मूर्ति को नुकसान ना पहुंचाएं, उस महापुरुष के नक्शे कदम पर चले तथा दूसरों को भी प्रेरित करें।

Page :- 65 , Block Name :- रचना और अभिव्यक्ति

Q9 सीमा पर तैनात फ़ौजी ही देशप्रेम का परिचय नहीं देते।हम सभी अपने दैनिक कार्यों में किसी न किसी रूप में देश-प्रेम प्रकट करते हैं; जैसे - सार्वजनिक संपत्ति को नुकसानन पहुँचाना, पर्यावरण संरक्षण आदि। अपने जीवन-जगत से जुड़े ऐसे और कार्यों का उल्लेख कीजिए और उन पर अमल भी कीजिए।
Answer.
सीमा पर तैनात फौजी देश प्रेम का परिचय देते हैं परंतु हम लोग भी विभिन्न कार्यों के माध्यम से देश प्रेम को प्रकट कर सकते हैं जैसे:- पर्यावरण का संरक्षण, वृक्षारोपण, सरकारी संपत्ति को नुकसान ना पहुंचा, कचरा इधर-उधर ना फेंकना,जल संरक्षण, शहीदों के प्रति सम्मान, लोगों का साथ मिलजुल कर रहना।

aglasem.com

Page :- 65 , Block Name :- रचना और अभिव्यक्ति

Q10 निम्नलिखित पंक्तियों में स्थानीय बोली का प्रभाव स्पष्ट दिखाई देता है, आप इन पंक्तियों को मानक हिंदी में लिखिए -
कोई गिराक आ गया समझो। उसको चौड़े चौखट चाहिए।तो कैप्टन किदर से लाएगा? तो उसको मूर्तिवाला दे दिया।उदर दूसरा बिठा दिया।
Answer.
अगर कोई ग्राहक आ गया और उसे चौड़े चौखट चाहिए, तो कैप्टन कहां से लाएगा? तो उसे मूर्ति वाला चौखट दे देता है और उसकी जगह दूसरा लगा देता है।

Page :- 65 , Block Name :- रचना और अभिव्यक्ति

Q11 'भई खूब! क्या आइडिया है।' इस वाक्य को ध्यान में रखते हुए बताइए कि एक भाषा में दूसरी भाषा के शब्दों के आने से क्या लाभ होते हैं?

Answer.
एक भाषा का दूसरी भाषा के शब्दों में आ जाने से उस भाषा का स्वरूप आकर्षक हो जाता है। लोगों को समझने में आसानी होती है भाषा सरल, सहज बन जाती है।

Page :- 65 , Block Name :- रचना और अभिव्यक्ति

Q12 निम्नलिखित वाक्यों से निपात छाँटिए और उनसे नए वाक्यबनाइए -
(क) नगरपालिका थी तो कुछ न कुछ करती भी रहती थी।
(ख) किसी स्थानीय कलाकार को ही अवसर देने का निर्णयकिया गया होगा।
(ग) यानी चश्मा तो था लेकिन संगमरमर का नहीं था।
(घ) हालदार साहब अब भी नहीं समझ पाए।
(ङ) दो साल तक हालदार साहब अपने काम के सिलसिलेमें उस कस्बे से गुज़रते रहे।
Answer.
(क) कुछ न कुछ - तुम हमेशा कुछ न कुछ मांगते ही रहते हो।
(ख) को ही - राकेश को ही हमेशा अच्छे अंक मिलते हैं।
(ग) तो था - रास्ते में कोई सवारी तो थी नहीं।
(घ) अब भी - तुम अब भी बाज़ार नहीं गए।
(ङ) में - इस समय में तुम्हें अधिक मेहनत करनी चाहिए।

aglasem.com

Page :- 65 , Block Name :- भाषा-अध्ययन

Q13 निम्नलिखित वाक्यों को कर्मवाच्य में बदलिए -
(क) वह अपनी छोटी-सी दुकान में उपलब्ध् गिने-चुने फ्रेमों में से नेताजी की मूर्ति पर फिट कर देता है।
(ख) पानवाला नया पान खा रहा था।
(ग) पानवाले ने साफ़ बता दिया था।
(घ) ड्राइवर ने ज़ोर से ब्रेक मारे।
(ङ) नेताजी ने देश के लिए अपना सब कुछ त्याग दिया।
(च) हालदार साहब ने चश्मेवाले की देशभक्ति का सम्मान किया।
Answer.
(क) उसके द्वारा अपनी छोटी सी दुकान में उपलब्ध् गिने-चुने फ्रेमों में से नेताजी की मूर्ति पर फिट कर दिया जाता है।
(ख) पानवाले द्वारा नया पान खाया जा रहा था।
(ग) पानवाले द्वारा साफ़ बता दिया गया।
(घ) ड्राइवर द्वारा ज़ोर से ब्रेक मारे गए।
(ङ) नेताजी द्वारा देश के लिए अपना सब कुछ त्याग दिया गया।
(य) हालदार साहब द्वारा चश्मे वाले की देशभक्ति का सम्मान किया गया।

Page :- 66 , Block Name :- भाषा- अध्ययन

Q14 नीचे लिखे वाक्यों को भाववाच्य में बदलिए -
जैसे - अब चलते हैं। - अब चला जाए।
(क) माँ बैठ नहीं सकती।
(ख) मैं देख नहीं सकती।
(ग) चलो, अब सोते हैं।
(घ) माँ रो भी नहीं सकती।
Answer.
(क) माँ से बैठा नहीं जाता।
(ख) मुझसे देखा नहीं जाता।
(ग) चलो, अब सोया जाए।
(घ) माँ से रोया भी नहीं जाता।

Page :- 66 Block Name :- भाषा अध्ययन

aglasem.com